मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर, 2002 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 12 नवम्बर, 2002 (कार्तिक 21, 1924)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री हुकुमसिंह कराड़ा, खनिज साधन मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार दि मध्यप्रदेश स्टेट माईनिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल का 37 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1999-2000 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री नरेन्द्र बिरथरे, लक्ष्मीकांत शर्मा, नरोत्तम मिश्रा, सदस्य, शिवपुरी जिले में भूख के कारण जहरीली वनस्पति खाने से आदिवासियों की मौत होने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री अजय विश्नोई, सुश्री कुसुम सिंह, श्री केदारनाथ शुक्ल, सदस्य, जबलपुर नगर में गंदगी के कारण महामारी का प्रकोप फैलने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री भगवत सिंह पटेल, सदस्य, रायसेन जिले के ग्राम जामगढ़ स्थित नहर पर बना लिफ्ट एरीगेशन प्रारम्भ कराये जाने, एवं

(2) श्री जयसिंह मरावी, सदस्य, शहडोल जिले के -
- (क) ग्राम बंधवाटोला, पटवरिहा, घोघरा टोला एवं लसेनीपानी में विद्युतीकरण कराये जाने; तथा
- (ख) ग्राम कोठी में कन्या हाईस्कूल खोले जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

निर्धारित समय

5. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

1 घन्टा 30 मि. — प्रदेश में विद्युत संकट तथा कृषकों को विद्युत पंप कनेक्शन न दिये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में सर्वश्री कमल पटेल, हरीशंकर जायसवाल (हरि भैया), नरेश सिंह पटेल, रामपाल सिंह, नरेन्द्र बिरथरे, कैलाश विजयवर्गीय, राजेन्द्र भारती (दतिया), लक्ष्मीकांत शर्मा, कुंवर विजय शाह, सर्वश्री रसाल सिंह, हिम्मत कोठारी, भूपेन्द्र सिंह, लाल सिंह, राव देशराज सिंह यादव तथा डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्यगण, चर्चा उठायेंगे.

6. प्रतिवेदनों पर चर्चा

2 घन्टे — मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के पालन प्रतिवेदन वर्ष 1993-94 से 1997-98 तक पर चर्चा.

भोपाल :
दिनांक : 11 नवम्बर, 2002

डॉ.ए.के.पयासी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.